[This question paper contains **8** printed pages.]

*Your Roll No.* ....................

**6301** **B**

**B.A. (Hons.)/I Sem.**

ECONOMICS – Course-01

(Introductory Microeconomics)

(Admissions of 2011 and onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

The **first** question is compulsory.

Attempt any *Four* of the remaining questions.

*All* questions carry equal marks.

**प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है।

शेष प्रश्नों में कोई **चार** प्रश्न कीजिये।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. True or false, explain : 3×5

   (*a*) If we observe that more ice-cream is purchased this year than last year we may conclude that the demand has increased and therefore the price must have increased.

(*b*) Demand curves are always downward sloping.

(*c*) When marginal product is below average total product, average product falls.

(*d*) The more elastic the demand curve for a given elasticity of the supply curve the greater the tax burden on the consumers in a perfectly competitive market.

(*e*) A monopolist charges a price greater than marginal cost.

सही है या गलत, व्याख्या कीजिए :

(क) यदि हमें पता चलता है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक आइसक्रीम खरीदी गई है तो हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि माँग बढ़ गई है और इसलिए कीमत बढ़ गई होगी।

(ख) माँग वक्र सदैव नीचे की ओर ढलवाँ होते हैं।

(ग) जब सीमान्त उत्पाद औसत कुल उत्पाद से कम होता है तब औसत उत्पाद गिर जाता है।

(घ) पूर्ति वक्र की दी हुई लोच के लिए माँग वक्र जितना अधिक लोचशील होगा, पूर्णत: प्रतिस्पर्धी बाजार में उपभोक्ताओं पर कर का भार उतना ही अधिक होगा।

(ङ) एक एकाधिकारवादी सीमान्त लागत से अधिक कीमत लेता है।

2. (*a*) Explain : A drought around the world raises the total revenue that farmers receive from the sale of grain but a drought only in Punjab reduces the total revenue that farmers in Punjab receive. 5

(*b*) Draw the marginal cost, average variable cost, average fixed cost and total average cost curves in the short run for a typical firm and give their relationship. 5

(*c*) Is it possible for a reduction in the tax rate to increase the revenue collected and reduce the dead weight loss? Explain. 5

(क) व्याख्या कीजिए : विश्व भर में सूखे के कारण किसानों को अपने अनाज की बिक्री से प्राप्त कुल राशि बढ़ जाती है किन्तु केवल पंजाब में सूखे से पंजाब के किसानों को जो राशि प्राप्त होती है वह कुल राशि को कम कर देती है।

(ख) एक प्ररूपी फर्म के लिए अल्पावधि में सीमान्त लागत, औसत परिवर्ती लागत, औसत नियत लागत और कुल औसत लागत वक्रों को खींचिए और उनमें सम्बन्ध बताइए।

(ग) क्या कर-दर को घटाने से सम्भव है कि संकलित राजस्व बढ़ जाएगा और अप्रतिभूत हानि कम हो जाएगी? व्याख्या कीजिए।

3. (*a*) Steel is used in the manufacturing of steel utensils. If the price of steel increases, what will be the impact of this, in the short run, on the supply curve of an individual firm producing steel utensils and the market supply curve for steel utensils assuming that the market for steel utensils is perfectly competitive? Assuming no change in the demand for steel utensils what will happen to the equilibrium price of steel utensils in the short run? 6

(*b*) Consider a consumer who consumes only two goods namely flour and potatoes. Potatoes are an inferior goods. Can flour also be an inferior goods? Explain. If the price of flour falls illustrate the impact on the consumption of flour and potatoes using substitution and income effect. 3+6

(क) स्टील का प्रयोग स्टील के बर्तन बनाने में किया जाता है। यदि स्टील की कीमत बढ़ जाती है तो अल्पावधि में स्टील के बर्तन बनाने वाली वैयक्तिक फर्म के पूर्ति वक्र और स्टील के बर्तनों के लिए बाजार पूर्ति वक्र पर इसका क्या असर होगा? यदि यह मान लें कि स्टील के बर्तनों के लिए बाजार पूर्णतः प्रतिस्पर्धी है। मान लीजिए कि स्टील के बर्तनों की माँग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, तो अल्पावधि में स्टील के बर्तनों की सन्तुलन कीमत पर क्या असर होगा?

(ख) एक ऐसे उपभोक्ता पर विचार कीजिए जो केवल दो वस्तुओं, नामत: आटा और आलू का उपभोग करता है। आलू एक निम्नस्तरीय वस्तु है। क्या आटा भी निम्नस्तरीय वस्तु हो सकता है? व्याख्या कीजिए।

यदि आटे का मूल्य गिर जाता है तो प्रतिस्थापन और आय प्रभाव का प्रयोग करके आटे और आलुओं की खपत पर प्रभाव का वर्णन कीजिए।

4. (*a*) A per unit tax of ₹ 10 imposed on the buyers of salt is equivalent to a per unit tax of ₹ 10 imposed on the sellers of salt if the market for salt is perfectly competitive. 5

(*b*) When a perfectly competitive industry is a constant cost industry the long run industry supply curve is a horizontal straight line. Do you agree? Explain. 5

(*c*) Define the marginal rate of technical substitution. What role does this play in arriving at the minimum cost for producing a given level of output? 5

(क) ₹ दस प्रति यूनिट कर, जो नमक के क्रेताओं पर अध्यारोपित किया गया है, नमक के विक्रेताओं पर अध्यारोपित ₹ 10 प्रति यूनिट कर के बराबर होता है यदि नमक के लिए बाजार पूर्णत: प्रतिस्पर्धी है।

(ख) जब पूर्णत: प्रतिस्पर्धी उद्योग एक स्थिर लागत उद्योग है तब दीर्घावधि उद्योग का पूर्ति वक्र एक क्षैतिज सीधी रेखा होता है। क्या आप सहमत हैं? व्याख्या कीजिए।

(ग) तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमान्त दर की परिभाषा दीजिए। उत्पादन के दिए गए स्तर को उत्पन्न करने के लिए न्यूनतम लागत पर पहुँचने में इसकी क्या भूमिका होती है?

5. (*a*) In a perfectly competitive market all firms earn zero profits in the long run. Why then do firms continue to function in long run equilibrium? 4

(*b*) Explain the relationship between the short run average cost curves and the long run average cost curve. 5

(*c*) Draw the indifference map for the following :

(*i*) Consumer A who always consumes tea and sugar in a fixed proportion and she adds two spoonfuls of sugar to a cup of tea. (Indifference map with sugar and tea as the two commodities.)

(*ii*) Consumer B who is only interested in the total amount of money she has (indifference map with ₹ 5 coins and ₹ 1 coins as the two goods). 6

(क) पूर्णतः प्रतिस्पर्धी बाजार में सभी फर्में दीर्घावधि में शून्य लाभ कमाती हैं। तब ये फर्में दीर्घावधि संतुलन में कैसे कार्य करना जारी रखती हैं?

(ख) अल्पावधि औसत लागत वक्रों और दीर्घावधि औसत लागत वक्रों में सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।

(ग) निम्नलिखित के लिए अनधिमान मानचित्र खींचिए :

(*i*) उपभोक्ता A, जो नियत अनुपात में चाय और चीनी की खपत करता है, चाय के एक प्याले में दो चम्मच

चीनी डालता है (दो पण्यों के रूप में चाय और चीनी के साथ अनधिमान मानचित्र)।

(*ii*) उपभोक्ता B, जो केवल उसके पास कुल धनराशि में ही रुचि रखती है (दो वस्तुओं के रूप में ₹ 5 और ₹ 1 वाले सिक्कों का अनधिमान मानचित्र)।

6. (*a*) A monopolist's marginal revenue curve lies below the average revenue curve while for a perfectly competitive firm the marginal revenue and the average revenue are equal. Why ? Explain. 5

(*b*) Why is value of marginal product of labour the demand curve for labour if the labour market and the product market are perfectly competitive? What will happen to the demand curve for labour at the firm level and at the level of the market if the capital in the economy increases (assuming that labour and capital are complements rather than substitutes). What will happen to the equilibrium wage? 4+6

(क) एक एकाधिकारवादी का सीमान्त राजस्व वक्र, औसत राजस्व वक्र से नीचे स्थित होता है जबकि पूर्णत: प्रतिस्पर्धी फर्म के लिए सीमान्त राजस्व और औसत राजस्व बराबर होते हैं। बताइए, क्यों ?

(ख) क्या कारण है कि श्रम के सीमान्त उत्पाद का मूल्य, श्रम के लिए माँग वक्र होता है यदि श्रम बाजार और उत्पाद

बाजार पूर्णतः प्रतिस्पर्धी हैं? फर्म के स्तर पर और बाजार के स्तर पर यदि अर्थव्यवस्था में पूँजी बढ़ जाती है (यह मानकर कि श्रम और पूँजी पूरक हैं न कि स्थानापन्न) तो श्रम के लिए माँग वक्र का क्या होगा? सन्तुलन मजदूरी का क्या होगा?

7. (*a*) If a person spends a constant proportion of her income on food what is her income and price elasticity of demand for food? 4

(*b*) Define price discrimination. Can perfect price discrimination remove the dead weight loss associated with a monopoly? 6

(*c*) Show how a perfectly competitive firm may continue to produce in the short run despite suffering losses. 5

(क) यदि एक व्यक्ति अपनी आय का नियत समानुपात भोजन पर खर्च करता है तो भोजन के लिए उसकी आय तथा माँग की कीमत लोच क्या होगी?

(ख) कीमत विभेद की परिभाषा दीजिए। क्या पूर्ण कीमत विभेद एकाधिकार से सम्बद्ध अप्रतिभूत हानि को दूर कर सकता है?

(ग) प्रदर्शित कीजिए कि पूर्णतः प्रतिस्पर्धी फर्म किस प्रकार अल्पावधि में बावजूद हानियों के उत्पादन जारी रख सकती है?

**3500**